# गोल्डीलॉक्स और तीन भालू

# दिशा-निर्देश

Gift Abled
Fostering Inclusion

## क्या?

इसमें बच्चे को “गोल्डीलॉक्स और तीन भालू” की कहानी के बारे में बताया गया है। इस कहानी में बच्चे को सीखने का अवसर मिलेगा कि हमारे खुद के कार्य से दूसरों को चोट पहुँच सकती है, खासकर जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के सामानों का इस्तेमाल करता है या उसे बरबाद करता है। इसके अलावा, यह लोकप्रिय कहानी खुद पर नियंत्रण रखने और दूसरों का सम्मान करने के बारे में भी सीख देती है।

## क्यों?

ताकि समझ पाएं

1. कि प्रिंट का अर्थ होता है
2. कि प्रिंट और बोली में संबंध होता है
3. अक्षर और शब्दों के बीच का अंतर
4. कि शब्दों को खाली जगह देकर अलग किया जाता है
5. एक वाक्य में विराम चिह्न की ज़रूरत होती है
6. कि कहानी में शुरुआत, मध्य और अंत होता है
7. कि पाठ को बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ा जाता है

## कैसे?

1. कहानी सुनाने के लिए स्टोरीबोर्ड का उपयोग करें।
2. दिखाए गए चित्रों के अनुसार बच्चों को कहानी बनाने का अवसर दें।
3. कठपुतली या फ्लैश कार्ड की मदद से कहानी सुना सकते हैं
4. बीच-बीच में रुकें और प्रश्न पूछें जो कहानी के अगले हिस्से में ले आएगा
5. कठपुतली या फ्लैश कार्ड की मदद से बच्चों को कहानी सुनाने पर जोर दें

# शिक्षा से जुड़े निर्देश

एक पूर्व-मूल्यांकन करें और उसके परिणाम को नोट कर लें ताकि आप:

1. चित्र को देखते हुए बच्चे की समझ-बूझ और देखकर अनुमान लगाने की खूबी को समझ सकें।

2. चित्र का वर्णन करने के लिए बच्चे के पास उपलब्ध शब्दों का जान सकें।

| | देखने की खूबी | समझने की खूबी |
|---|---|---|
|  | 1. भालू कहाँ पाया जाता है?<br>2. भालू किस रंग का होता है? | 1. क्या भालू मजबूत और शक्तिशाली होता है? |

कहानी के लिए लिंक

https://www.youtube.com/watch?v=iR2M0QuLPZs

Gift Abled
Fostering Inclusion

कहानी एक बार फिर से !!

क्या आपने पहले भालू देखा है?

भालू कैसा दिखता है?

क्या आप एक और कहानी पढ़ना चाहते हैं?

एक समय की बात है। गोल्डीलॉक्स नाम की एक छोटी लड़की थी। वह जंगल में टहलने गई थी। वह घर का रास्ता भूल गई।



Gift Abled
Fostering Inclusion

लड़की का नाम क्या था?

वह घर का रास्ता कहाँ भूल गई थी?

अचानक उसे एक झोपड़ी दिखाई दी। उसने दरवाजा खटखटाया पर किसी ने जवाब नहीं दिया। तब गोल्डीलॉक्स घर के अंदर चली गई!






Gift Abled

Fostering Inclusion

उसने जंगल के बीच
में क्या देखा?

उसने एक मेज देखी जिस पर तीन कटोरे थे। उसे जोरों की भूख लगी थी, इसलिए उसने बड़े कटोरे में से दलिये का स्वाद चखा। गोल्डीलॉक्स ने कहा, “ओह यह दलिया बहुत गर्म है!”





झोपड़ी में प्रवेश करने पर गोल्डीलॉक्स ने क्या देखा?

Gift Abled
Fostering Inclusion

फिर उसने मझले कटोरे में रखे दलिये का स्वाद चखा। गोल्डीलॉक्स ने कहा, “ओह! यह दलिया बहुत ठंडा है।”



Fostering Inclusion

उसने किस चीज का स्वाद चखा था?

क्या आप जानते हैं दलिया क्या है?

अब उसने छोटे कटोरे में से दलिये का स्वाद चखा। गोल्डीलॉक्स ने कहा,
“मम्म! यह दलिया एकदम सही है!
न बहुत गर्म है और न बहुत ठंडा है।”



# दलिया कैसा था?

अब वह लिविंग रूम में गई और वहाँ उसने तीन कुर्सियाँ देखीं। गोल्डीलॉक्स बड़ी कुर्सी पर बैठ गई। पर झट से कहते हुए उठ गई, “आउच!” यह बहुत ही सख्त थी। अब गोल्डीलॉक्स मझले आकार की कुर्सी पर बैठ गई। इस बार उसने कहा, “उफ़!” यह कुछ ज़्यादा ही नरम थी।



लिविंग रूम शब्द से आप क्या समझते हैं ?

गोल्डीलॉक्स कहाँ बैठी थी और क्यों?

GiftAbled
Fostering Inclusion

अब गोल्डीलॉक्स छोटी कुर्सी पर जाकर बैठ गई। और बैठते ही कहने लगी ,
“आह! यह कुर्सी बिलकुल सही है। न बहुत सख्त है और न बहुत नरम है।” तभी
कुर्सी टूट गई! गोल्डीलॉक्स बेडरूम में भागकर चली गई और वहाँ उसकी नज़र
तीन बिस्तर पर पड़ी।





Gift Abled
Fostering Inclusion

तीनों कुर्सियाँ एक दूसरे से किस प्रकार अलग थीं?

गोल्डीलॉक्स बड़े बिस्तर पर बैठ गई। गोल्डीलॉक्स ने कहा, “हुं! यह बिस्तर ढेले जैसा है।” गोल्डीलॉक्स मझले बिस्तर पर बैठ गई। गोल्डीलॉक्स ने कहा, “अरे नहीं! यह बिस्तर बहुत ही स्पंजी है।”

Fostering Inclusion





# लिविंग रूम और बेडरूम में क्या अंतर है?

गोल्डीलॉक्स छोटे वाले बिस्तर पर बैठ गई। और कहने लगी, “वाह! यह बिस्तर बिल्कुल सही है। न ढेले जैसा है और न बहुत स्पंजी है।” फिर वह सो गई। तब तक तीनों भालू घर लौट आए थे।



यह बिस्तर दूसरे बिस्तर से कैसे अलग था?

उन्होंने गोल्डीलॉक्स को छोटे वाले बिस्तर पर सोते हुए पाया। तभी गोल्डीलॉक्स की नींद खुल गई और उसकी नज़र तीनों भालुओं पर पड़ी।



“मदद करो! मदद करो! ” बोलके गोल्डीलॉक्स चिल्लाई। वह रास्ते भर दौड़ते-दौड़ते अपने घर पहुँची और तीन भालुओं के घर कभी लौट के नहीं आई।





गोल्डीलॉक्स को बिस्तर पर सोते हुए किसने पाया?

भालू को देखने के बाद गोल्डीलॉक्स के चेहरे का भाव कैसा था?

Gift Abled
Fostering Inclusion





Gift Abled
Fostering Inclusion

1. पहले चित्र में आप क्या देख रहे हैं?
2. दूसरे चित्र को देख आप क्या समझ रहे हैं?
3. दोनों चित्रों में दो समानताएँ बताएँ?

# माता-पिता और शिक्षकों के लिए:

- कृपया बच्चे के रिकॉर्ड में निम्नलिखित का आकलन करें और प्रत्येक स्थिति के लिए 1-5 के पैमाने पर स्कोर दें।
- कहानी पढ़कर और प्रश्नों का उत्तर देकर, उन्हें ये सब समझ में आने चाहिए

| | |
|---|---|
| कि प्रिंट का अर्थ होता है | 1 2 3 4 5 |
| कि प्रिंट और बोली में संबंध होता है | 1 2 3 4 5 |
| अक्षर और शब्दों के बीच का अंतर | 1 2 3 4 5 |
| कि शब्दों को खाली जगह देकर अलग किया जाता है | 1 2 3 4 5 |
| एक वाक्य में विराम चिह्न की ज़रूरत होती है | 1 2 3 4 5 |
| कि कहानी में शुरुआत, मध्य और अंत होता है | 1 2 3 4 5 |
| कि पाठ को बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ा जाता है | 1 2 3 4 5 |